## नस्लीय समानता के प्रोत्साहन पर
## मौजूदा और नियोजित उपाय

## वाणिज्य और आर्थिक विकास ब्यूरो

वाणिज्य और आर्थिक विकास ब्यूरो (CEDB) वाणिज्य और उद्योग (विदेशी वाणिज्यिक संबंधों और आवक निवेश प्रोत्साहन सहित), लघु और मध्यम उद्यमों, बेल्ट और रोड इनिशिएटिव में हांग कांग की भागीदारी के प्रोत्साहन, दूरसंचार, प्रसारण, बौद्धिक संपदा संरक्षण, उपभोक्ता संरक्षण, प्रतिस्पर्धा, फिल्म सेंसरशिप, अश्लील और अभद्र लेखों पर नियंत्रण, सम्मेलन और प्रदर्शनी, डाक सेवाएं, व्यापार सुविधा और शराब व्यवसाय, के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रतिबंधों से संबंधित कार्यों पर विभिन्न नीतियों का निर्माण और क्रियान्वयन करता है। CEDB को व्यापार और उद्योग विभाग, विदेश में हांग कांग आर्थिक और व्यापार कार्यालयों, इनवेस्ट हांकांग, संचार प्राधिकरण का कार्यालय, रेडियो टेलीविजन हांग कांग, बौद्धिक संपदा विभाग, हांग कांग डाक तथा सीमा शुल्क और आबकारी विभाग द्वारा सहयोग किया जाता है।

CEDB इसकी सेवाओं तक सभी नागरिकों को उनके जातीय पृष्ठभूमि से निरपेक्ष रहते हुए समान पहुँच सुनिश्चित करने को अत्यधिक महत्व देता है, और जहां लागू हो विभिन्न नस्ल के लोगों की सेवा जरूरतों और उनकी विशेष जरूरतों को पूरा करने के उपाय करना जारी रखेगा।

CEDB के कार्य के संबंध में जानकारी के लिए अनुरोध और पूछताछ

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | सामान्य जनता CEDB के कार्य पर इसकी नीति क्षेत्रों पर जानकारी के लिए ईमेल, फैक्स, डाक और टेलीफोन के द्वारा अनुरोध कर सकते हैं। |
| मौजूदा उपाय | CEDB के कार्य के संबंध में जानकारी CEDB की वेबसाइट (https://www.cedb.gov.hk/) और संबंधित विभागों और सार्वजनिक निकायों की उनकी वेबसाइट पर हांग कांग की दो आधिकारिक भाषाओं (चीनी और इंग्लिश) में उपलब्ध हैं।<br><br>हमारी पूछताछ सेवा नस्ल के संबंध में तटस्थ है, और प्राप्त पूछताछ की भाषा के अनुसार जवाब यथोचित रूप से चीनी या अंग्रेजी भाषा में दिए जाते हैं। |
| भविष्य के कार्य का आकलन | हम नीतियों और कार्यनीतियों को तैयार करते समय विभिन्न नस्लों के लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखेंगे, और उनकी जरूरतों को पूरा करने के दृष्टिकोण के साथ जब भी आवश्यक होगा हमारी सेवाओं की समीक्षा करेंगे। |
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | विभिन्न नस्लों के लोगों से सूचना के लिए अनुरोधों और पूछताछ पर व्यवहार करते हुए चीनी और अंग्रेजी भाषाओं के अतिरिक्त दुभाषिया और अनुवाद सेवाओं की आवश्यकतानुसार व्यवस्था की जाएगी।<br><br>विभिन्न नस्लों के सेवा उपयोगकर्ताओं द्वारा सेवाओं के उपयोग का डेटा को सेवा प्रावधान |

केनिरनतर आकलन और सुधार करने केलिए संगरह किया जाएगा।

नसलीय समानता केपरोतसाहन पर मौजूदा और योजनाबदध उपायों पर पूछताछ केलिए कृपया मिस रशेल वांग (Miss Cherry TSE), कायरकारी अधिकारी (परशासन) से निमनिलिखत चैनलों केमाधयम से संपकर् करें –

| | |
|---|---|
| टेलीफोन नं. | 3655 5429 |
| फैक्स नं. | 2840 1621 |
| ईमेल | enquiry@cedb.gov.hk |
| डाक का पता: | Commerce and Economic Development Bureau<br>23/F, West Wing, Central Government Offices<br>2 Tim Mei Avenue, Tamar, Hong Kong |

**वाणिज्य और आर्थिक विकास ब्यूरो**
**मई 2025**